आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 07.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्मरणोत्सव का उदघाटन किया –वंदे मातरम को एक ऊर्जा और संकल्प बताया।
- राज्य में भी वंदे मातरम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा –वंदे मातरम हमारी सामूहिक चेतना का प्रतीक।
- राज्य सरकार ने अतिवृष्टि प्रभावित 6 जिलों के 3 हजार गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया।
- अंता सीट के उपचुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूरी।
- प्रदेश में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत अब तक साढ़े 4 हज़ार से ज्यादा चालान किये गये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का उद्घाटन किया। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है।

....................

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने अंदकमउंजंतं150ण्पद पोर्टल भी जारी किया। इसमें आमजन राष्ट्रीय गीत गाते हुए अपना वीडियो डालकर प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश में भी कई भव्य समारोह हुए। जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् हमारी सामूहिक चेतना का प्रतीक है।

.......................

कोटा के स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए। उन्होंने कहा, कि वंदे मातरम् भारत की आत्मा और एकता को दर्शाता है। श्री बिरला ने इसे संकल्प का दिन बताया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प भी दोहराया। समारोह में वंदे वन्दे मातरम सामूहिक गायन हुआ।

भीलवाड़ा में जागरूकता रैली निकाली गई । अजमेर के केंद्रीय विश्वविद्यालय में भव्य कार्यक्रम हुआ। जैसलमेर में प्रभात फेरी निकाली गई और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हो रहे हैं। पूरे प्रदेश में इस मौके पर देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विभिन्न सरकारी कार्यालयों में वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। आकाशवाणी के जयपुर केन्द्र पर भी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने वन्दे मातरम का गायन किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज उदयपुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव पखवाड़े के कार्यक्रमों की समीक्षा की। पखवाड़े के तहत, डूंगरपुर में 15 नवंबर को राज्य स्तरीय समारोह होगा। इस कार्यकम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगे। इस बीच आज डूंगरपुर के लक्ष्मण मैदान में स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर बिरसा मुंडा को याद किया। वहीं, पाली के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

000

राज्य सरकार ने 6 ज़िलों के करीब तीन हजार गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया है। अतिवृष्टि से प्रभावित अजमेर, अलवर, झुंझुनूं, कोटा, पाली और बांसवाड़ा जिलों के किसानों को सरकार के इस निर्णय से कृषि अनुदान का लाभ मिलेगा। इन जिलों के आठ लाख से अधिक किसानों को एसडीआरएफ के तहत आर्थिक राहत मिलेगी।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने लावारिस कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने और राजमार्गों से लावारिस मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए आज कई दिशा–निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी अंजारिया की पीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए देश में लावारिस कुत्तों के प्रबंधन से जुड़े मामले की सुनवाई की। न्यायालय ने प्रत्येक शैक्षिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त तरीके से बाड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के अंतर्गत स्थानीय नगर निकायों से ऐसे जगहों से पशुओं को नियमित रूप से उठाकर आवश्यक टीककरण और नसबंदी के बाद निर्धारित आश्रय स्थलों पर भेजने को कहा है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाएं। अन्यथा ये अधिकारी इसके लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। सर्वोच्च न्यायालय को इन दिशा–निर्देशों के कार्यान्वयन को लेकर उठाए गए कदमों के बारे में आठ सप्ताह के भीतर अनुपालन स्थिति रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा है कि अंता सीट के उपचुनाव के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान 11 नवम्बर को होगा। सुरक्षा और निगरानी के लिए क्षेत्र में 43 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 12 क्विक रेस्पॉन्स टीम और 4 वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और पुलिस बल तैनात किए गए हैं। अंता क्षेत्र के 2 लाख 28 हज़ार से अधिक मतदाताओं के लिये 268 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। भयमुक्त मतदान के लिए 4,262 शस्त्र जमा कराए गए हैं, और अब तक 21 करोड़ रूपये से अधिक की जब्ती की गई है। सभी केन्द्रों पर वेबकास्टिंग और दिव्यांगों के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं।

000

प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत अब तक 4 हज़ार 572 चालान किये जा चुके हैं। इस दौरान परिवहन विभाग द्वारा 34 हज़ार से अधिक लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस बीच सलूम्बर जिले में पिछले तीन दिनों में 1 लाख 76 हज़ार रूपये का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई ओवरलोड, बिना हेलमेट और ओवरस्पीड तथा अन्य यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ की गई है। उधर, भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने हाइवे पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अंतरराज्यीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के माध्यम से जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं।

000

झुंझुनूं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज भगवान दास खेतान अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सेशन जज और प्राधिकरण अध्यक्ष दीपा गुर्जर ने इसका शुभारंभ किया। प्राधिकरण सचिव डॉ. महेंद्र सोलंकी ने स्वयं रक्तदान कर आमजन को प्रेरित किया। ज़िला जज ने इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में लोगों से रक्तदान करने और विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जा रही मुफ्त कानूनी सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

000

बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ उपखंड के छोटी सरवा स्थित कस्तूरबा आवासीय छात्रावास में आज नाश्ता करने के बाद 9 बच्चियों की तबियत खराब हो गई। उल्टी–दस्त की शिकायत पर उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। एक बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे बांसवाड़ा रैफर किया गया है। सूचना पाकर मौ पर पहुंचे एसडीएम ने पोषाहार सामग्री का सैंपल लिया है और क्षेत्र के सभी हॉस्टलों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री की जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

000

भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साईं रेड्डी ने आज जोधपुर में कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने रासायनिक खाद के दुष्प्रभावों को देखते हुए प्राकृतिक खेती की ओर लौटने पर जोर दिया।श्री रेड्डी ने कहा कि प्राकृतिक खेती से किसानों की लागत कम होगी, स्वास्थ्य सुधरेगा और आय के स्रोत भी बढ़ेंगे। कुलगुरु प्रो. वीरेन्द्र सिंह जैतावत ने उन्हें जैविक और प्राकृतिक खेती के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों और नए कृषि अनुसंधानों की जानकारी दी।

000

श्रीगंगानगर जिले के 50 किसानों को आत्मा योजना के तहत खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी लेने के लिए इंदौर भेजा गया है। कृषि निदेशक डॉ. सतीश कुमार शर्मा ने इस दल को हरी झंडी दिखाई। यह दल इंदौर में आयोजित 'फार्म टैक इंडिया एग्जीबिशन' में भाग लेगा। भ्रमण के दौरान, किसानों को इंदौर और भोपाल के कृषि संस्थानों में जैविक खेती, फसल कटाई के बाद के नवाचारों और खेती की नई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।

000

चित्तौड़गढ़ ज़िले के निम्बाहेड़ा में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से 4 किलो 635 ग्राम एमडीएमए पाउडर जब्त किया। पुलिस ने इस सिंथेटिक ड्रग्स की तस्करी कर रहे आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

000